# चीनी उत्पादकों को मिले निर्यात की अनुमति

नई दिल्ली। लोकसभा सांसद राजू शेट्टी ने कहा कि चीनी के पर्याप्त उत्पादन को देखते हुए चीनी उत्पादकों को निर्यात की अनुमति दी जानी चाहिए। घरेलू बाजार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की बढ़ती कीमतों में तेजी है। ऐसे में चीनी निर्यात से उद्योग के साथ-साथ किसानों को भी फायदा होगा।

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को लिखे पत्र में शेट्टी ने कहा है कि कुछ लोग और एनजीओ अपने निजी स्वार्थ के कारण चीनी निर्यात पर प्रतिबंध की मांग कर रहे हैं। यदि सरकार इनके दबावों में चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध का फैसला लेती है तो सबसे अधिक नुकसान गन्ना किसानों को होगा। उन्होंने कहा कि हमारी घरेलू जरूरतों के अलावा पर्याप्त चीनी का स्टॉक है और ग्लोबल बाजार में कीमतें ऊंची है। काप्र